।। कार्यालय पुलिस उप अधीक्षक वृत लालसोट जिला दौसा(राज.)।।

क्रमांक–ईमेल दिनांक–02.11.2020

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय,
दौसा जिला दौसा।

विषयः – सम्पर्क पोर्टल परिवाद जांच रिपोर्ट परिवादी श्री ज्ञानेश कुमार निवासी वार्ड नम्बर 01 थाना लालसोट जिला दौसा के संबंध में ।

प्रसंगः– सीएम हैल्पलाईन परिवाद संख्या **10200678826521** दिनांक **20.10.2020** के क्रम में ।

महोदय,

उपरोक्त विषय एवं प्रसंग के सन्दर्भ में निवेदन है कि परिवादी श्री ज्ञानेश कुमार निवासी वार्ड नम्बर 01 थाना लालसोट जिला दौसा का परिवाद सीएम हैल्पलाईन 181 पर इस आशय का प्राप्त हुआ कि **दिनांक 14/10/2020 को प्रमुख समाचार पत्र राजस्थान पत्रिका जयपुर संस्करण में प्रकाशित खबर शीर्षक "हत्या का मामला दर्ज, तीन कांस्टेबल लाइन हाजिर" के सम्बन्ध में |**

उक्त परिवाद की जांच थानाधिकारी थाना लालसोट से प्राप्त की गई तो थानाधिकारी ने अपनी जांच रिपोर्ट में अंकित किया है कि परिवादी श्री ज्ञानेश कुमार निवासी वार्ड नम्बर 01 थाना लालसोट जिला दौसा का परिवाद वास्ते जांच हेतु प्राप्त हुआ जिसकी जांच की गई तो दौराने जांच पाया कि दिनांक 12.10.2020 को परिवादी श्री रमेश चन्द पुत्र श्री जगदीश जाति बैरवा निवासी रूंगटी थाना बौंली जिला सवाई माधोपुर द्वारा थाना हाजा पर मुकदमा नम्बर 441/2020 धारा 302, 379 भादस व 4/21 एमएमडीआर एक्ट दिनांक 12.10.2020 को दर्ज करवाया था जिसका अनुसंधान श्री महावीर प्रसाद उनि थाना लालसोट द्वारा किया जा रहा है। श्रीमान जी प्रकरण में अनुसंधान जारी है ।

अतः परिवाद की जांच रिपोर्ट श्रीमान के अवलोकनार्थ सादर प्रेषित है ।

(सतीश कुमार)
अति0 पुलिस अधीक्षक
वृत्ताधिकारी, वृत्त लालसोट जिला दौसा ।